हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नई दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

....

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के नेता हरमोहन धवन के सुपुत्र विक्रम धवन भारतीस जनता पार्टी में शामिल हो गए है।

उन्होंने कल मलोआ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चंडीगढ़ से बीजेपी प्रत्याशी संजय टंडन के पक्ष में एक चुनावी रैली के दौरान, भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने लोगों से बीजेपी प्रत्याशी संजय टंडन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दृढ़ विश्वास है कि श्री मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोनाकाल में जब चंडीगढ़ में लोग मुश्किल समय का सामना कर रहे थे तब किसी ने राहुल गांधी या मनीष तिवारी को चंडीगढ़ मं नहीं देखा। तब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दिन रात लोगों को भोजन उनलब्ध करवा रहे थे ताकि कोई भूखा पेट न सोये।

....

कैथल में घर पर बुजुर्गों के वोट डलवाने गई पोलिंग पार्टी का विरोध करने और मतपेटी पर सील न लगाए जाने का भ्रम फैला कर बुजुर्गों को वोट डालने से रोकने पर पुलिस ने आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर गोयत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कैथल के सहायक निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि यह मामला 17 मई गांव कुतुबपुर का है। उस दौरान मौके पर की गई वीडियो ग्राफी में पहचान होने पर जिला प्रशासन ने सतबीर गोयल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस व्यक्ति द्वारा स्टील बैलेट बॉक्स पर सील नहीं लगाने और वोट वाले लिफाफे को सील नहीं किय जाने की बात कर प्रक्रिया के खिलाफ उकसाने से गांव वालों ने पोलिंग पार्टी को शेष 2 वोट डालने से मना कर दिया और

....

लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता का मतदान हो, इसके तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं का मतदान उनके घर से ही करवाने की प्रक्रिया चल रही है।

भिवानी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि संबंधित बूथ के ब्लॉक लेवल अधिकारी अपनी टीम के साथ ऐसे मतदाताओं के घर जाकर मतदान करवा रहे है। अकेले भिवानी जिला में अब तक 298 मतदाताओं ने फॉर्म 12डी भरकर प्रशासन को घर से मतदान की अपील की है।

भिवानी विधानसभा के बूथ नंबर-28 की 89 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता अमृतकला ने कल घर से अपना मतदान किया।

....

कुरुक्षेत्र जिले के निजी रेस्तरां, होटल, मिष्ठान भंडार इत्यादि 25 व 26 मई को अपने प्रतिष्ठानों से संबंधित उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत छूट देने का वायदा कर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। जिसका मकसद पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप गतिविधियों की नोडल अधिकारी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि मतदान वाले दिन जो व्यक्ति मत का प्रयोग करेगा, वह अपनी उंगली पर स्याही का निशान दिखाकर संबंधित प्रतिष्ठानों से उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकता है।

....

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत विद्यार्थियों की परीक्षाएं 20 जून से ली जाएंगी। परीक्षा शाखा द्वारा इन परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षाएं 12 जुलाई तक चलेंगी। इसके अतिरिक्त, 13 जुलाई से अन्य सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं ली जाएंगी।

....